एक नजर में

जगन्नाथ भगवान की प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर विविध आयोजन

नर्मदापुरम। समीपस्थ ग्राम डोंगरवाड़ा में भगवान जगन्नाथ की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष होने पर सोमवार को अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाड़ा में विविध धार्मिक आयोजन हुए। मंदिर के ठाकुर राजा दा आशुतोष शर्मा ने बताया कि इस दौरान भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। उन्हें नवीन वस्त्र आभूषण धारण कराए गए। प्रात:काल विशेष भोग लगाया गया। आज गीता जयंती के सुखद संयोग होने पर मंदिर में गीता श्लोकों के साथ हवन पूजन किया गया।भगवान के विशेष दर्शन प्रात:काल से रात्रि शयन आरती तक सतत् होते रहे। मंदिर में दिनभर भक्तों का आना लगा रहा। भक्तों को विशेष प्रसादी वितरित की गई। दिनभर भजनों का कार्यक्रम भी चलता रहा।

बाइक सवार को अज्ञात कार ने टक्कर मारी एक की मौत एक गंभीर घायल

पिपरिया पिपरिया पचमढी मार्ग पर सिगानामा के पास मोड पर अज्ञात कार द्वारा पीछे से टक्कर मारी जिससे पचमढी घूमने आये एक युवक की मौत हो गई वही एक गंभीर घायल हुआ। मटकुली चौकी क्षेत्र में सिगानामा के पास पचमढी से घूमकर लौट रहे नीलेश पिता कमलेश पवार उम्र 28 वर्ष,अंकित पिता नामदेव धारपुरे 26 वर्ष निवासी सावरी बदनूर मुलताई रोड छिंदवाड़ा को अज्ञात कार द्वारा पीछे से टक्कर मारी डॉ.शोभित जैन ने बताया कि नीलेश पवार को सिर व नाक में चोट आई वही अंकित को दोनो कान,सिर व नाक में चोट लगने से मृत्यु हो गई। शासकीय चिकित्सालय में डॉ.शोभित जैन द्वारा नीलेश का प्राथमिक उपचार कर नर्मदापुरम रैफर किया। घायलो को मटकुली के समाजसेवी दुर्गेश साहू शासकीय चिकित्सालय लेकर आये। पचमढी मार्ग पर सिगानामा के पास मोड पर अज्ञात कार द्वारा पीछे से टक्कर मारी जिससे पचमढी घूमने आये एक युवक की मौत हो गई.

गीता को जीवन में अंगीकार करने आव्हान

अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती का नर्मदापुरम जिले में हुआ भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज
नर्मदापुरम/01,दिसम्बर,2025
नर्मदापुरम जिले का एसएनजी स्कूल का प्रांगण सोमवार को ऐतिहासिक भव्य एवं दिव्य घटना का साक्षी बना। जब यहां पर अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत संत समाज, नागरिक गण, प्रशासनिक अधिकारी एवं हजारों छात्र-छात्राओ एवं शिक्षक गणों ने सस्वर गीता के 15 वे अध्याय का पाठ किया। ऋषिकेश से पधारे स्वामी ध्रुव चैतन्य सरस्वती, इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष श्री प्रणव दास जी, आचार्य सोमेश परसाई, श्री ब्रह्मा देव शास्त्री की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में सेमेरिटर्न स्कूल के विद्यार्थियों ने श्री भगवत गीता के पंचानन पाठ की स्तुति की। सभी मुख्य अतिथियों ने श्रीमद् भगवत गीता एवं भगवान कृष्ण के चित्र पर दीप प्रजवलन कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गुफा आश्रम की राधा मुनी, पंडित गोपाल प्रसाद खडडर, नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु जैन,संयुक्त आयुक्त विकास श्री जी सी दोहर, नगर पालिका नर्मदापुरम की अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव, जन अभियान परिषद के संभागीय अधिकारी श्री कौषलेश तिवारी, श्री पवन सहगल, स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक गण, प्रशासनिक अधिकारी गण एवं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार गण उपस्थित रहे।

ग्वालियर जिले से आए गीता प्रेस के आचार्य ब्रह्मदेव शास्त्री ने श्रीमद् भगवत गीता के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमद् भगवत गीता के दो श्लोक पढ़ने से मन शांत रहता है। मन यहां वहां नहीं भटकता है। गीता के श्लोक सुनने से मन में स्थिरता आती है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों का आह्वान किया कि वह नित्य गीता का पाठ करें साथ ही अपने नित्य नियम दायित्वों का भी पूर्ण रूप से पालन करें। उन्होंने कहा कि भारतवासी विकास भी करेंगे और अपने इतिहास को आगे भी बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य नई पीढ़ी के पास श्रीमद् भगवत गीता को पहुंचाना है ताकि नई पीढ़ी श्रीमद् भगवत गीता की अमरवाणी से साक्षात्कार कर सके। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश शासन एवं विश्व गीता प्रतिष्ठान का यह संयुक्त प्रयास है की गीता घर-घर पहुंचे और इसका सभी लोग अध्ययन करें।

ऋषिकेश के सुबोधनंद फाउंडेशन के अध्यक्ष स्वामी ध्रुव चैतन्य सरस्वती ने श्रीमद भागवत गीता की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस तरह एक माली अपने उपवन में अलग-अलग तरह के बीज लगाता है। बीज को पौधों में परिवर्तित करता है। कालांतर में वह बीज एक वृक्ष का रूप धारण करता है। बच्चे ऐसे ही एक वृक्ष के समान है। बच्चे यदि गीता की छत्रछाया में बढ़ेंगे तो एक अच्छा मनुष्य बनेंगे। उन्होंने कहा कि आज वर्तमान में आवश्यकता है की माता-पिता स्वयं गीता का अध्ययन करें और गीता के उपयोगी सूत्र अपने बच्चों तक पहुंचाएं।

न्यास कालोनी के शिवा पार्क में भगवान शिव की विधिवत हुई स्थापना

नवभारत न्यूज
इटारसी, 01 दिसम्बर न्यास कॉलोनी में स्थित शिवा पार्क का निर्माण कार्य पूरा होने पर सोमवार को पार्क में भगवान शिव की विधिवत स्थापना की गई। शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कॉलोनी की महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसका डोल-बाजों की गूंज और उत्साहपूर्ण माहौल के साथ स्वागत किया गया।

कलश यात्रा बनी आकर्षण का केंद्र -न्यास कॉलोनी से शुरू हुई यह कलश यात्रा पूरे क्षेत्र का मुख्य आकर्षण बनी रही। बड़ी संख्या में कॉलोनी की महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर यात्रा में हिस्सा लिया। डोल-बाजों की मधुर और पारंपरिक गूंज के बीच निकली इस यात्रा ने क्षेत्र में भक्तिमय और उत्सव का माहौल बना दिया।

जनता को समर्पित हुआ शिवा पार्क - इस अवसर पर स्थानीय पार्षद अमृता ठाकुर ने बताया कि न्यास कॉलोनी में सभी ग्राउंडों पर पार्क निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने जानकारी दी, शिवा पार्क का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और आज विधिवत पूजा-अर्चना के साथ इसे कॉलोनीवासियों और संपूर्ण जनता के लिए समर्पित कर दिया गया है। शिवा पार्क के निर्माण और भगवान शिव की स्थापना के बाद यह स्थान कॉलोनीवासियों के लिए धार्मिक आस्था के केंद्र के साथ-साथ एक सुंदर और व्यवस्थित मनोरंजन स्थल के रूप में भी उपलब्ध हो गया है।

इस आयोजन में बड़ी संख्या में कॉलोनी के निवासियों ने भाग लिया और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कॉलोनी की महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसका डोल-बाजों की गूंज और उत्साहपूर्ण माहौल के साथ स्वागत किया गया।

गाय, भैंस की चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने ज्ञापन

नवभारत न्यूज
इटारसी। नर्मदापुरम जिले की केसला तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत चारटेकरा ने ग्राम में लगातार हो रही भैंस और गाय की चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस थाना प्रभारी को कार्रवाई के लिए एक पत्र सौंपा है। पत्र में ग्राम पंचायत ने उल्लेख किया है कि पिछले एक वर्ष से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मवेशियों की चोरी की जा रही है, जिसकी सूचना पहले भी थाने में दी जा चुकी है। ग्राम पंचायत चारटेकरा ने अपने पत्र में थाना प्रभारी केसला, जिला नर्मदापुरम को संबोधित करते हुए, इस संबंध में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत द्वारा दिए गए विवरण के अनुसार, चोरी गए मवेशियों का अनुमानित मूल्य लाखों में है। चंद्रशेखर बारस्कर, निवासी छिंदापानी- इनकी 80,000 रुपए कीमत की 02 भैंस चोरी हुई। मोहन यादव इनकी 90,000 रुपए कीमत की भैंस चोरी हुई। दयालाल यादव इनकी 03 लाख रुपए कीमत की 03 भैंस और सुखराम यादव की 05 भैंस, जिनकी कीमत लगभग 2 लाख 80 हजार रुपए है, चोरी हुई ।ग्राम पंचायत के अनुसार, इन चोरी की घटनाओं में कुल 8,50,000 रुपए मूल्य के मवेशियों की चोरी हो चुकी हैं, और चोर अब तक नहीं पकड़े गए हैं।

सांसद खेल महोत्सव स्थगित

पिपरिया सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 1 व 2 दिसंबर को सांदीपनी शासकीय आरएनए उत्कृष्ट विद्यालय में व चांदौन में आयोजित होना था वह स्थगित हुआ ।विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसएल रघुवंशी ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत किक्रेट 1 दिसंबर को प्रात:9.30 बजे से सांदीपनी शासकीय आरएनए उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित थी.

छह दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला का समापन

नवभारत न्यूज
इटारसी। भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को जन-जन तक पहुचाने वाले संगठन स्पीक मैके, इटारसी चैप्टर द्वारा आयोजित छह दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला का समापन पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल जमानी में भावपूर्ण प्रस्तुतियों के साथ हुआ। यह कार्यशाला 24 नवंबर से अनवरत चल रही थी। इस अवसर पर, समाजसेवी और जैविक खेती के प्रेरक हेमंत दुबे, जमानी ने मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर समापन कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना अभिसिक्ता मुखोपाध्याय ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत एक हृदयस्पर्शी कृष्ण वंदना से की। बाल-कृष्ण के नटखट चरित्र और यशोदा मैया संग उनके मधुर, स्नेहमय संबंध को दर्शाने वाली इस ठुमरी में मां के वात्सल्य का चित्रण इतना गरिमामय और सजीव था कि दृश्य जीवंत हो उठा। मुखोपाध्याय ने इसके बाद कथक के तकनीकी पक्ष को दर्शाया। उन्होंने परन-आमद, तुकड़ा, गिनती तिहाई, परन और चक्करदार की एक सशक्त श्रृंखला प्रस्तुत की। 14 मात्राओं की जटिल ताल दहमार पर उनकी लय-समझ, नियंत्रित गति और साफ-सुथरी पेशकश ने उनके गहन अभ्यास और शास्त्रीय साधना की झलक दिखाई।

असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने रोकोटोको अभियान

नवभारत न्यूज
सिवनी मालवा 01 दिसम्बर सिवनी मालवा थाने में नवागत थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने पदभार ग्रहण किया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में सिवनी मालवा में अपराध नियंत्रण और पुलिस जन सहयोग को नई गति मिलेगी। थाना प्रभारी ने पदभार संभालने के बाद कहा कि रात्रि गस्त बढ़ाई जाएगी इसके लिए नाइट पेट्रोलिंग विशेष जोर रहेगा। असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए रोकोटोको अभियान के तहत कार्रवाई होगी। नगर की यातायात व्यवस्था सुधारने नगर पालिका के सहयोग से कार्य किया जाएगा। क्षेत्र के स्वभाव के अनुरूप कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। करीब 10 वर्ष पूर्व यहां उप निरीक्षक के रूप में कार्य किया हैं। उन्होंने कहा मैं पहले भी यहां उपनिरीक्षक रहा हूं

डॉली विश्नोई ने जीते दो गोल्ड मेडल

हरदा जिले के अबगांवकलां गांव निवासी एक बेटी ने सोमवार को हरदा जिले के नाम प्रदेश और देश ही नहीं विदेशी की धरती पर भी गर्व से बुलंद कर दिया है। 28 से 30 नवंबर 2025 तक न्यू टिहरी, उत्तराखंड में आयोजित प्रेसीडेंट कप ओपन इंटरनेशनल कयाकिंग और कैनोइंग स्प्रिट प्रतियोगिता (के- 2 व के-4) में देश के लिए दो गोल्ड मेडल (स्वर्ण पदक) जीते हैं। अबगांवकलां के किसान महेश विश्नोई की बेटी डाली विश्नोई ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश का मान बढ़ाया है। खेल के मैदान में गति, हौसले ने मुकाबले में जीत हासिल की.

गीता, पूजा घर में रखने वाला ग्रंथ नहीं, जीवन का सार है

नवभारत न्यूज
सिवनी मालवा 01 दिसम्बर सिवनी मालवा शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गीता जयंती% पर विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर %श्रीमद्भगवद्गीता% के महत्व से परिचित कराने के उद्देश्य से हिंदी विभाग, स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में %एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ प्राचार्य ने माँ सरस्वती एवं योगेश्वर श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ए.के. यादव ने कहा कि गीता केवल पूजा घर में रखने वाला ग्रंथ नहीं है, बल्कि इसे जीवन में उतारने की आवश्यकता है। आज के प्रतिस्पर्धी युग में जब विद्यार्थी छोटी-छोटी असफलताओ से निराश हो जाते हैं, तब गीता हमें कर्मण्येवाधिकारस्ते के माध्यम से फल की चिंता किए बिना निरंतर प्रयास करने की सीख देती है। यह ग्रंथ हमें विषम परिस्थितियों में धैर्य रखने और अपने कर्तव्यों का पालन करने की शक्ति प्रदान करता है।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. गौरव ने गीता के ऐतिहासिक महत्व एवं उसकी वर्तमान प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को अवगत कराया कि कुरुक्षेत्र के मैदान में अर्जुन को दिया गया उपदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि गीता मानसिक प्रबंधन और व्यक्तित्व विकास का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है

जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्रीमती आशा भाटी पत्नी अलकेश भाटी निवासी ग्राम बागली तहसील बागली जिला देवास वालो द्वारा श्रीमती माया गौर पत्नी बृजमोहन गौर निवासी सुभाष वार्ड हरदा के स्वामित्व एवं आधिपत्य की राजस्व प्रपत्रों में उनके अकेले नाम से दर्ज आवासीय परिवर्तित भूखंड पर बना पक्का मकान खसरा नंबर 61/108 रखवा 1003 वर्गफिट जोकि स्थित है ग्राम कुलहरदा पटवारी हल्का नंबर 10 वार्ड नंबर 24 सुभाष वार्ड हरदा तहसील व जिला हरदा जिसकी चतुर्थ सीमा उत्तर में भारद्वाज जी का मकान, दक्षिण में हरिशंकर किरार संपत्ति, पूर्व में रोड एवं पश्चिम में जनपत की सम्पत्ति लगी हुई है को खरीदने का सौदा मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती माया गौर पत्नी बृजमोहन गौर से किया गया है जिस हेतु बयाना राशि भी दे दी गई है। इसलिए सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, उपरोक्त परिवर्तित आवासीय भूमि पर बने पक्के मकान के किसी भी भाग या भागांश के स्वामित्व के संबंध में अथवा किसी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी, संगठन, बैंक, वित्तीय संस्था या अन्य किसी को कोई भी आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की समय अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेजी प्रमाण लेकर मेरे कार्यालय में उपस्थित होने या निम्न वर्णित पते पर सूचना लिखित में दें अन्यथा समयावधि पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य न होकर मेरे पक्षकार पर बाध्य नहीं होगी और मेरे पक्षकार उक्त मकान की रजिस्ट्री (पंजीयन) कराने हेतु स्वतंत्र रहेंगे।
सूचना जाने
भवदीय
शिव विलास सराफ (एडव्होकेट एवं नोटरी)
सराफ लॉ चेम्बर बॉम्बे क्लॉथ के पास घंटाघर चौक, मेन रोड
हरदा MOB-9826280263

विश्व एड्स दिवस पर जनजागरुकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज
इटारसी।01 दिसम्बर आज, विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में, सिविल अस्पताल इटारसी में एक महत्वपूर्ण जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम अस्पताल की आईसीटीसी इकाई द्वारा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

थीम पर केंद्रित रंगोली और एकजुटता संदेश - जागरूकता अभियान की शुरुआत अस्पताल के मुख्य द्वार पर की गई, जहां वर्तमान की थीम पर आधारित एक आकर्षक रंगोली बनाई गई। इस रंगोली के माध्यम से आम नागरिकों के बीच एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता और बचाव का संदेश प्रसारित किया गया। इसके पश्चात, अस्पताल प्रशासन और आईएमए के सदस्यों ने मिलकर अस्पताल के सभी कर्मचारियों और उपस्थित लोगों को रेड रिबन (एचआईवी/एड्स से पीड़ित लोगों के प्रति समर्थन का प्रतीक) लगाकर एकजुटता का संदेश दिया।

एचआईवी जांच के लिए प्रेरणा -कार्यक्रम के अंत में, संस्था के परामर्शदाता द्वारा एचआईवी/एड्स के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि समय पर जांच और सही उपचार से इस रोग का प्रबंधन संभव है। परामर्शदाता ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे किसी भी तरह के भ्रम से दूर रहें और अधिक से अधिक लोगों को एचआईवी जांच कराने के लिए प्रेरित करें, ताकि शुरुआती पहचान से बेहतर परिणाम मिल सकें।

जागरूकता रैली और मानव श्रृंखला से संदेश - शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सोमवार, 1 दिसंबर 2025 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर में स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मानव श्रृंखला बनाई और एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली के दौरान, स्वयंसेवकों ने एड्स से संबंधित विभिन्न पोस्टरों का प्रदर्शन किया और समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया।

कार्यक्रम के दौरान लगाए नारे - इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. रश्मि तिवारी ने स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1988 से हर साल 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना, लोगों को एचआईवी के बारे में सही जानकारी देना और समय पर टेस्ट एवं इलाज के लिए जागरूक करना है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना (बालक इकाई) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशुतोष मालवीय, संजीव कैथवास, डॉ. एम के जोठे, राष्ट्रीय सेवा योजना (बालिका इकाई) प्रभारी डॉ. एकता मालोनिया, तथा बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस सामाजिक जागरूकता अभियान को सफल बनाया।

बिना डिग्री के पैर पसार रहे झोला छाप डाक्टर

नवभारत न्यूज
हंडिया 1 दिसम्बर प्रदेश में स्वास्थ सुविधाओं के विस्तार को लेकर जहां करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाये जा रहे हैं। वही दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ सुविधाओं के नाम पर झौलाछाप मुन्नाभाई भोले-भाले ग्रामीणो का इलाज के नाम पर खुला शोषण कर उनकी सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ग्रामीण जनों का कहना है कि जिले में बैठे जिम्मेदारों को जानकारी होने के बाद भी झौलाछाप मुन्ना भाई के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रहीं हैं। खुले आम अपनी दुकान चला रहे हैं।अधिकारी चुप्पी साधे क्यों बैठे हैं जबकि शासन द्वारा, बिना डिग्री के संचालित क्लीनिक पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए है। इलाज के नाम पर मरीजों कि जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है। उधर जानकारों कि माने तो गाँव- गाँव में झौलाछाप मुन्ना भाईयों कि क्लीनिक और मेडिकल खुल गए हैं।

चंचल विश्वकर्मा नेशनल रेफरी के लिए हुईं चयनित

पिपरिया. शहर की बेटी चंचल विश्वकर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। चंचल विश्वकर्मा 69 वीं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में राष्ट्रीय नेशनल रेफरी के लिए चयनित हुई हैं। चंचल बचपन से ही एक एथलीट रही हैं और उन्होंने नेशनल ऑल इंडिया लेवल पर खेलकर अपने शहर का नाम रोशन किया है,चंचल की इस उपलब्धि पर पूरे पिपरिया शहर में गर्व की लहर है। उनकी इस सफलता के लिए उन्हें शहरवासियों ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की, वही उन्होंने सभी बधाई प्रेषित करने वालों का आभार व्यक्त किया।

अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर नामांकन फार्म

पिपरिया अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर चुनाव लडने वाले अधिवक्ता फार्म लेने समिति के पास पहुंचे अंतिम दिन अधिवक्ताओं में विशेष ही उत्साह था। निर्वाचन समिति के सदस्यों ने बताया कि अधिवक्ता संघ के चुनाव की प्रक्रिया को लेकर फार्म वितरण किये गये है।

एफआईआर के बाद शेष अतिक्रमण हटाने की राह खुली

नवभारत न्यूज
इटारसी। विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा के एक ध्यानाकर्षण के जवाब में नगरीय विकास एवं आवास विभाग की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया है कि संभागीय मुख्यालय नर्मदापुरम और इटारसी शहरों को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात एवं जलप्रवाह को सुगम बनाने की दिशा में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के निर्देशानुसार, नगर पालिका परिषद (नपा) नर्मदापुरम और इटारसी द्वारा संयुक्त रूप से बड़े पैमाने पर कार्रवाई जारी है। विभागीय निर्देशों के पालन में, कई प्रमुख अतिक्रमण हटाए जा चुके हैं, और बचे हुए अतिक्रमणों को हटाने के लिए अब एफआईआर करने का कार्य भी पूरा हो गया है।

एफआईआर के बाद हटेगा शेष अतिक्रमण - अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास, मप्र भोपाल, और आयुक्त राजस्व नर्मदापुरम संभाग के निर्देशों के अनुपालन में, नगर पालिका परिषद इटारसी ने 14 जुलाई 2025 को तहसीलदार इटारसी को अतिक्रमण चिह्नित करने के लिए सीमांकन कराने हेतु पत्र लिखा था। तहसीलदार इटारसी द्वारा अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध प्रकरण सहित कई मामले दर्ज किए गए हैं, जो वर्तमान में विचाराधीन हैं। नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम ने 28 जुलाई 2025 को तहसीलदार से प्राथमिकता के आधार पर नालों का सीमांकन कराने का अनुरोध किया था, जिसके बाद 28 नवंबर 2025 को एक दल भी गठित किया गया था। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, एफआईआर का कार्य होने के कारण अब तक गठित दल कोई कार्यवाही नहीं कर पाया था। अब एफआईआर का कार्य पूरा होने के उपरांत नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम और नगर पालिका इटारसी द्वारा शेष अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही शीघ्र ही शुरू की जा सकेगी। व्यवस्थित बाजार की पहल स्थानीय हाथ ठेले और फेरी वालों को व्यवस्थित स्थान प्रदान करने के उद्देश्य से, हॉकर कॉर्नर के निर्माण की पहल भी तेज हो गई है। नपा नर्मदापुरम ने 50.00 रुपए लाख की मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना निर्माण योजना के तहत हॉकर कॉर्नर बनाने की स्वीकृति प्राप्त कर ली है। इटारसी में कलेक्टर द्वारा नजूल शीट 16 के प्लॉट न. 3/1/1/ रकबा 4200.6 वर्गफुट भूमि हॉकर कॉर्नर निर्माण के लिए आवंटित की गई है। इस आवंटित भूमि से तात्कालीन सुचारु न्याय न्यास द्वारा किए अतिक्रमण को तहसीलदार इटारसी ने 21 जुलाई 2025 को चिह्नित किया था। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इटारसी द्वारा 26 नवंबर 2025 को 03 अतिक्रमणकारियों को हटाने के निर्देश जारी किए हैं। इस निर्माण से हाथ ठेले और फेरी वालों को स्थायी व्यवस्था मिलेगी, जिससे प्रमुख सड़क मार्गों पर क्षेत्रीय नागरिकों की आवाजाही की समस्या दूर होगी। अभियान के तहत अब तक हुई बड़ी कार्रवाई कलेक्टर जिला नर्मदापुरम और नपा परिषदों की संयुक्त टीम ने वर्ष 2024 में कई महत्वपूर्ण स्थानों पर स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण हटाए हैं, जिससे शहर के प्रमुख मार्गों में यातायात सुगम हुआ है

न्यायालय नजूल अधिकारी, इटारसी

इश्तहार /प्रेस विज्ञप्ति

रा0प्र0क0 0057 अ-20(3)वर्ष 2025-26
आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमति मैरी राबर्ट पत्नि स्व0 बिलियम राबर्ट निवासी वार्ड नं0 25, जनता टॉकिज के पास नेहरूगंज, इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109,110 म0प्र0भू0रा0 संहिता 1959 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि नगर नजूल शहर इटारसी की नजूल शीट नं0 06 प्लाट नं 19/1 रकबा 562 .5 व0फु0 एवं प्लाट नं0 19/3 रकबा 414 व0फु0 भूमि जो नजूल अभिलेख में आवेदिका के पति बिलियम राबर्ट आ0 प्यारेलाल एवं अन्य खातेदार प्रेमकुमार आ0 प्यारेलाल के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है। उक्त वर्णित भूमि के सहखातेदार बिलियम राबर्ट आ0 प्यारेलाल का लाऔलाद स्वर्गवास दिनांक 31/05/2012 को हो गया है एवं उनके विधिक वारसानों में पत्नि आवेदिका श्रीमति मैरी राबर्ट है, इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारसान अथवा पुत्र/पुत्री नही है। आवेदिका प्रश्नाधीन नजूल भूमि के नजूल अभिलेखों में शेष खातेदार का नाम यथावत रखते हुए स्वयं का नाम फौती आधार पर दर्ज कराना चाहती है। अत: आवेदिका द्वारा उक्त वर्णित संपति पर वारसान हक में फौती आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 03/12/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा।
नोट :- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

सही
नजूल अधिकारी, इटारसी

In The Court Of II Additional District and Session Judge, District Court, Harda
Presiding Officer: निमिष राजा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहित 1,900 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु
(RCA /00000 10/2024)
दुर्गाबाई ढोके ....वादी
V/s
भारतीय जीवन बीमा निगम.....प्रतिवादी
प्रेषिती-(1) मालतीबाई पत्नी नामकराम ढोके पता-निवासी ग्राम कुसुमगुई तहसील सिवनीमालवा जिला नर्मदापुरम म प्र
यह कि प्रार्थी दुर्गाबाई ढोके ने आपके विरुद्ध आर सी एके सीए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 12 November 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है
न्यायालय की मुद्रा न्यायाधीश
निमिष राजा
द्वितीय जिला न्यायाधीश
हरदा मप्र
टिप्पणी - समंस एवं प्रकाशन तथा चस्पानगी हेतु नोटिस
कृपया ध्यान दें - यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यादिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा.